**भारत सरकार**

**ग्रामीण विकास मंत्रालय**

**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2751**

**(16 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

**मनरेगा से कामगारों का नाम हटाना**

**2751. श्री सेल्वाराज वी.,**
**श्री सुब्बारायण के.,**
**श्री आनंद भदौरिया:**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या 10 अक्तूबर से 14 नवंबर 2025 तक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) डेटाबेस से सत्ताईस लाख श्रमिकों को हटाया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) एमजीएनआरईजीएस डेटाबेस से एक ही माह की अवधि में इतने बड़े पैमाने पर श्रमिकों को हटाने के कारण क्या हैं;

(ग) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान एमजीएनआरईजीएस डेटाबेस से हटाए गए श्रमिकों का वर्ष-वार एवं राज्य-वार ब्यौरा क्या है और संख्या कितनी है;

(घ) गत तीन वर्षों के दौरान एमजीएनआरईजीएस डेटाबेस में जोड़े गए नए श्रमिकों का वर्ष-वार एवं राज्य-वार ब्यौरा और संख्या कितनी है;

(ङ) क्या केंद्र ने ई-केवाईसी अनिवार्य किया है और श्रमिकों के नाम, फोटो, आधार कार्ड, जॉब कार्ड, बैंक खाता आदि में कोई विसंगति एमजीएनआरईजीएस के अंतर्गत श्रमिकों को कार्य एवं मजदूरी से वंचित करने के लिए पर्याप्त है; और

(च) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन सभी डिजिटल ढांचों से अपरिचित श्रमिकों की सहायता हेतु किये गए उपाय का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**

**(श्री कमलेश पासवान)**

(क) और (ख) महात्मा गांधी नरेगा योजना एक मांग आधारित मजदूरी रोजगार योजना है और इस योजना के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों की है। जॉब कार्ड का अद्यतन/विलोपन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा की जाने वाली एक नियमित प्रक्रिया है। जॉब कार्डों का विलोपन मुख्य रूप से नकली/जाली/गलत जॉब कार्ड होने, ग्राम पंचायत से स्थायी रूप से स्थानांतरित हो चुके परिवार, शहरी के रूप में वर्गीकृत ग्राम पंचायत और जॉब कार्ड में केवल एक सदस्य का नाम होना और उसकी भी मृत्यु हो जाना आदि के कारण किया जाता है। हालांकि, श्रमिकों/जॉब कार्ड को हटाने के दौरान, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अधिनियम के प्रावधानों और मंत्रालय द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि योग्य या पात्र परिवार का कोई जॉब कार्ड हटाया/रद्द नहीं किया गया हो। दिनांक 10-10-2025 से 14-11-2025 की अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत जॉब कार्ड से हटाए गए श्रमिकों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या **अनुबंध-I** में दी गई है

(ग) और (घ) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना के डेटाबेस से हटाए गए श्रमिकों का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा और संख्या तथा गत तीन वर्षों के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना डेटाबेस में जोड़े गए नए श्रमिकों का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा और संख्या **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ङ) और (च) जॉब कार्ड सत्यापन एक निरंतर प्रक्रिया है, क्योंकि महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत 5 साल में एक बार जॉब कार्ड नवीनीकरण की आवश्यकता होती है। इन वैधानिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने और इनको बढ़ावा देने के लिए, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से अनुरोध किया गया है कि वे जॉब कार्ड सत्यापन और इसके आगे वर्तमान प्रक्रियाओं का पालन करने के बाद नवीनीकरण के लिए एनएमएमएस ऐप (राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली) में पहले से उपलब्ध ई-केवाईसी सुविधा का उपयोग करें। इसका उद्देश्य समयबद्ध, पारदर्शी और कुशल तरीके से जॉब कार्ड सत्यापन करने में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता देना है। चूंकि 99.67% सक्रिय श्रमिकों का आधार पहले ही जोड़ा जा चुका है, ई-केवाईसी सुविधा का उपयोग जॉब कार्ड के सत्यापन के सरल, विश्वसनीय, सटीक और कुशल तरीके के रूप में किया जा सकता है। राज्यों को सलाह दी गई है कि वे नेटवर्क संपर्कता आदि जैसे मुद्दों को सुलझाने के लिए प्रक्रिया को यथासंभव सुचारू रूप देने

हेतु आवश्यक उपाय करें। ई-केवाईसी कहीं भी किया जा सकता है जैसा राज्य द्वारा तय किया जाए जैसे - कार्यस्थल पर, ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित विशेष शिविर आदि में। यह महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत पारदर्शिता, दक्षता और सेवा वितरण में आसानी को मजबूती प्रदान करने वाला एक प्रगतिशील कदम है। जमीनी स्तर के अधिकारियों को सत्यापन प्रक्रिया को यथासंभव सुचारू बनाने के लिए विभिन्न मंचों के माध्यम से पर्याप्त रूप से अभिमुख, जानकारी और प्रशिक्षण दिया गया है। ई-केवाईसी का उपयोग करते हुए जॉब कार्ड का सत्यापन 01.09.2025 से शुरू हुआ और यह अभी भी चल रहा है। दिनांक 11.12.2025 तक 65.05% सक्रिय श्रमिकों का ई-केवाईसी पूरा हो चुका है। यह उल्लेख किया जाता है कि ई-केवाईसी के माध्यम से गैर-सत्यापन के कारण किसी को भी काम या मजदूरी से वंचित नहीं किया जा सकता है।

**लोक सभा में दिनांक 16.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2751 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-I**

| दिनांक 10-10-2025 से 14-11-2025 की अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना से हटाए गए श्रमिकों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या | | |
|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **हटाए गए श्रमिकों की संख्या** |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 130 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1107339 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 896 |
| 4 | असम | 6920 |
| 5 | बिहार | 9610 |
| 6 | छत्तीसगढ | 65619 |
| 7 | गोवा | 2 |
| 8 | गुजरात | 5433 |
| 9 | हरियाणा | 309 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 9877 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 79070 |
| 12 | झारखंड | 2724 |
| 13 | कर्नाटक | 27004 |
| 14 | केरल | 20124 |
| 15 | लद्दाख | 604 |
| 16 | लक्षद्वीप | 18 |
| 17 | मध्य प्रदेश | 5327 |
| 18 | महाराष्ट्र | 15061 |
| 19 | मणिपुर | 1111 |
| 20 | मेघालय | 532 |
| 21 | मिजोरम | 1480 |
| 22 | नागालैंड | 1254 |
| 23 | ओडिशा | 80896 |
| 24 | पुदुचेरी | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| 25 | पंजाब | 16898 |
| 26 | राजस्थान | 13701 |
| 27 | सिक्किम | 1543 |
| 28 | तमिलनाडु | 33090 |
| 29 | तेलंगाना | 95084 |
| 30 | त्रिपुरा | 6341 |
| 31 | उत्तर प्रदेश | 17236 |
| 32 | उत्तराखंड | 6526 |
| **कुल योग** | | **1631762** |

**लोक सभा में दिनांक 16.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2751 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-II**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2022-2023 | | 2023-2024 | | 2024-2025 | | 2025-2026 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | हटाए गए श्रमिकों की संख्या | जोड़े गए श्रमिकों की संख्या | हटाए गए श्रमिकों की संख्या | जोड़े गए श्रमिकों की संख्या | हटाए गए श्रमिकों की संख्या | जोड़े गए श्रमिकों की संख्या | हटाए गए श्रमिकों की संख्या | जोड़े गए श्रमिकों की संख्या |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 7517856 | 420892 | 1096736 | 545193 | 461733 | 647818 | 1838628 | 466136 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 34433 | 31492 | 58257 | 32907 | 58854 | 34487 | 31788 | 27285 |
| 3 | असम | 608253 | 1117601 | 792138 | 442061 | 1819212 | 629904 | 109634 | 1097275 |
| 4 | बिहार | 8900402 | 1360719 | 3178680 | 1185465 | 1561159 | 10134595 | 113296 | 1758713 |
| 5 | छत्तीसगढ | 1186037 | 302701 | 1395412 | 300728 | 1489327 | 502830 | 492178 | 502120 |
| 6 | गोवा | 24 | 789 | 34 | 462 | 73 | 534 | 12 | 999 |
| 7 | गुजरात | 559478 | 320480 | 975994 | 301571 | 174331 | 1077181 | 68031 | 174782 |
| 8 | हरियाणा | 17997 | 73693 | 18939 | 125142 | 18466 | 147281 | 10793 | 196117 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 78439 | 84467 | 77015 | 93968 | 29714 | 108638 | 65797 | 35302 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 107120 | 105093 | 212281 | 74125 | 103808 | 185737 | 241590 | 98971 |
| 11 | झारखंड | 2030163 | 555847 | 654727 | 996998 | 363396 | 640445 | 54112 | 380195 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | कर्नाटक | 855967 | 860226 | 547661 | 577386 | 243101 | 458579 | 536372 | 339390 |
| 13 | केरल | 348598 | 180684 | 540033 | 149608 | 213578 | 154436 | 80517 | 145488 |
| 14 | लद्दाख | 7130 | 2713 | 3209 | 1544 | 2342 | 1364 | 3378 | 2154 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 1471373 | 1099487 | 2698235 | 887779 | 224539 | 1006749 | 69874 | 641711 |
| 16 | महाराष्ट्र | 428628 | 869634 | 227851 | 1357519 | 156962 | 1291870 | 276271 | 3658135 |
| 17 | मणिपुर | 90027 | 29996 | 127349 | 52178 | 93300 | 63004 | 40784 | 52734 |
| 18 | मेघालय | 20466 | 47838 | 118486 | 59420 | 76109 | 71766 | 16628 | 45759 |
| 19 | मिजोरम | 10269 | 9959 | 15010 | 12102 | 28339 | 21118 | 21781 | 20622 |
| 20 | नागालैंड | 15155 | 29402 | 21754 | 26295 | 90310 | 76118 | 225264 | 63368 |
| 21 | ओडिशा | 7686413 | 627397 | 1499868 | 601525 | 1122016 | 1283764 | 346144 | 446436 |
| 22 | पंजाब | 598046 | 145722 | 127741 | 131897 | 45142 | 238015 | 64448 | 112911 |
| 23 | राजस्थान | 3046893 | 587522 | 2151059 | 651639 | 313844 | 1032942 | 183202 | 389222 |
| 24 | सिक्किम | 4528 | 4630 | 8792 | 4491 | 9200 | 3843 | 4828 | 2977 |
| 25 | तमिलनाडु | 782200 | 361637 | 1690416 | 438711 | 1716015 | 256050 | 141364 | 109197 |
| 26 | तेलंगाना | 1723810 | 157046 | 302478 | 263883 | 335382 | 233119 | 500698 | 57841 |
| 27 | त्रिपुरा | 37486 | 56381 | 103710 | 47169 | 44239 | 63607 | 63131 | 37576 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 8024982 | 1132879 | 5600653 | 842136 | 154356 | 2593617 | 72352 | 1249392 |
| 29 | उत्तराखंड | 35578 | 53883 | 124556 | 54818 | 169132 | 56553 | 59524 | 29983 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | | | | | | |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 8340066 | 405325 | 603689 | 14072 | 38642 | 10692 | 103 | 11335 |
| 31 | अंडमान और निकोबार | 320 | 912 | 190 | 1146 | 765 | 784 | 1096 | 897 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 0 | 265 | 145 | 1224 | 172 | 7809 | 186 | 4600 |
| 33 | लक्षद्वीप | 63 | 193 | 86 | 394 | 137 | 71 | 345 | 89 |
| 34 | पुदुचेरी | 49528 | 2131 | 2068 | 7752 | 2267 | 3075 | 568 | 2134 |
| | **कुल** | **54937936** | **11039636** | **24975252** | **10283308** | **11159962** | **23038395** | **5734717** | **12161846** |